# राष्ट्रीय सेवा योजना

## रिपोर्ट

**2021–22**

छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व विकास एवं सामुदायिक सेवा में उनकी सहभागिता हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में छात्र छात्राओं को पंजीकृत किया जाता है। सत्र 2021–22 में प्रत्येक वर्ष की भांति 200 छात्राओं ने महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में पंजीकरण कराया। छात्राओं ने विभिन्न तरीकों के माध्यम से समांज सेवा के कार्य में योगदान दिया। छात्राओं ने 04 एक दिवसीय शिविर 01 विशेष शिविर एवं उ0प्र0 शासन के आदेशानुसार क्रियान्वित विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की। सत्र 2021–22 में संचालित विभिन्न गतिविधियां इस प्रकार है :–

सत्र में सर्वप्रथम 29.10.2021 को डाक विभाग के सौजन्य से प्रथम एक दिवसीय शिविर में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसका विषय 'सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता की ओर था। कार्यक्रम में 15 छात्राओं ने प्रतिभाग किया प्रतियोगिता में निताक्षा वर्धन ने प्रथम, तान्या महेश्वरी ने द्वितीय तथा तनुजा शर्मा व श्रद्धा श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डा0 शालिनी चौधरी (एसो0 प्रोफे0 इतिहास) तथा मिश्कात आबिदी (एसो0प्रोफे0 हिन्दी) उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या प्रो0 शर्मिला शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा0 नीता वार्ष्णेय ने किया। कार्यक्रम में डा0 मंजू यादव, डा0 अदिती जैन, विजयपाल सिंह, गौरव यादव, नीलम वाजपेयी, संजय खन्ना और सोनम सैनी उपस्थित थे।

दिनांक 15.11.2021 से 21.11.2021 तक महाविद्यालय में 'मतदाता जागरूक' सप्ताह के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियो को संचालित किया गया। दिनांक 16.11.2021 को मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। दिनांक 18.11.2021 को एक दिवसीय शिविर में मतदाता जागरूकता हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। छात्राओं द्वारा रैली भी निकाली गयी जिसका शुभारम्भ प्राचार्या प्रो0 शर्मिला शर्मा ने हरी झण्डी देकर किया। इस रैली का संचालन डा. नीता वार्ष्णेय ने कियां रैली में डा0 सीमा बंसल, डा0 रीता गुप्ता, एवं डा0

Scanned with OKEN Scanner

शालिनी चौधरी उपस्थित थी। दिनांक 19.11.2021 को रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें 20 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का निर्णय सुमन रघुवंशी (एसो0 प्रोफे0 संस्कृत) एवं रेखा शर्मा (एसो0 प्रोफे0–चित्रकला) ने कियदिनांक 26.11.2021 एवं 27.11.2021 को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत अंतर महाविद्यालय क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमे 8 महाविद्यालय के छात्र छात्राओ ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्या प्रो0 शर्मिला शर्मा , मुख्य अतिथि आर0के0 वर्मा (प्राचार्य, धर्म समाज कॉलेज अलीगढ़) ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल के रूप में डा0 कृष्णा बाजपेयी, डा0 मेधा सचदेव, डा0 शिखा सिंह ने निर्णय किया। साथ ही स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का निर्णय डा0 सुमन रघुवंशी ने किया। कार्यक्रम का संचालन डा0 नीता वार्ष्णेय एवं प्रियंका दीक्षित ने कियदिनांक 01.12.2021 को विश्व एड्स दिवस पर एकदिवसीय शिविर आयोजित किया गया। एड्स जैसी गम्भीर बीमारी के प्रति जन जागरूकता लाने के लिए छात्राओं द्वारा रैली निकाली गयी। जिला मलखान सिंह चिकित्सालय मे, छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गयी। जागरूकता कार्यक्रम हेतु छात्राओं को सम्मानित किया गया।

दिनांक 06.12.2021 को मण्डल स्तर पर सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अर्न्तगत प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मण्डलायुक्त श्री गौरव दयाल एवं प्राचार्या प्रो0 शर्मिला शर्मा ने किया। प्रतियोगिता में एटा, कासगंज, हाथरस, एवं अलीगढ़ में जिला स्तर पर विजित छात्राओं ने सहभागिता दी। निर्णायक मण्डल में डा0 शेफाली, डा0 गीतिका सिंह, डा0 शशिबाला त्रिवेदी, डा0 आर0के0 गोस्वामी उपस्थित थी। परिवहन अधिकारी फरीउद्दीन द्वारा आयोजित कार्यक्रम का निर्देशन डा0 नीता वार्ष्णेय एवं प्रियंका दीक्षित ने किया।

दिनांक 08.12.2021 को मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत एक दिवसीय शिविर में साइबर क्राइम विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। वक्ता के रूप में साइबर सेल क इंस्पेक्टर राकेश कुमार और डा0 हरेन्द्र कुमार गौड़ (श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय) उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डा0 नीता वार्ष्णेय एवं प्रियंका दीक्षित ने किया।

Scanned with OKEN Scanner

दिनांक 13.01.2022 को मतदाता जागरूकता के अन्तर्गत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया साथ ही स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में ज्योति सैनी, नेहा श्यौरान ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान क्रमशः प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका दीक्षित ने किया।

दिनांक 23.01.2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ध्वनि प्रदूषण के प्रति जन जागरूकता लाने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्राओं ने ध्वनि प्रदूषण क विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला। छात्रा आकांक्षा ने ध्वनि प्रदूषण के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश दिया। इस अवसर डा0 चन्द्रकान्ता अग्रवाल, डा0 ममता श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका दीक्षित उपस्थित थी।

दिनांक 24.01.2022 को उत्तर प्रदेश दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी–चौरा शताब्दी समारोह थीम पर आधारित थे। कार्यक्रम में छात्राओं ने शहीद देशभक्तों के जीवन एंव स्वतंत्रता प्राप्ति के संघर्षो पर प्रकाश डालकर उन्हें नमन किया। देश भक्ति गीतों एवं कविताओं की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर डा0 चन्द्राकन्ता अग्रवाल, डा0 प्रतिमा श्रीवास्तव, डा0 ममता श्रीवास्तव उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका दीक्षित ने किया।

दिनांक 25.01.2022 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मानया गया जिसमें छात्राओं ने निष्पक्ष मतदान करने की शपथ ली। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूक लाने का प्रयास किया गया।

दिनांक 27.01.2022 से 02.02.2022 तक अमृत महोत्सव के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें भाषण, स्लोगन, या कविता एवं देशभक्तों के जीवन पर छात्राओं ने संस्मरण सुनायें। ये कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित किये गयें। इसके अतिरिक्त अतिथि व्याख्यान आयोजित किए गयें जिसमें डॉ0 सुहासिनी सिंह, डॉ0 राकेश प्रताप सिंह एवं विनय कुमार सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत कियें।

Scanned with OKEN Scanner

दिनांक 04.02.2022 को चौरी–चौरा शताब्दी महोत्सव समापन समारोह आयोजित किया गया। छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली। चौरी–चौरा एवं स्वतंत्रता आन्दोलन में अलीगढ़ जनपद के योगदान पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें आंकाक्षा पाठक एवं सियरा ने प्रथम, फरहीन ने द्वितीय, शालू बघेल एवं मनीषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डा0 ममता श्रीवास्तव एवं दीपिका चौधरी उपस्थित थी। कार्यक्रम का निर्देशन प्रियंका दीक्षित ने किया।

दिनांक 02.03.2022 को ममता एन0जी0ओ0 एवं नगर निगम के सौजन्य से स्वच्छता सर्वेक्षण पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने अलीगढ़ को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए स्वच्छता एप डाउनलोड कराया।

दिनांक 14.04.2022 को बाबा साहब डा0 भीमराव आंम्बेडकर जी की जयन्ती पर ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डा0 अनामिका सिंह (असिस्टेंट प्रोफेसर–एस0आर0डी0ए0 गर्ल्स कॉलेज हाथरस) ने बाबा साहब के जीवन के विभिन्न पहलुओं का ज्ञान एवं उनके विचारों से छात्राओं को ओत प्रोत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या प्रो0 शर्मिला शर्मा, डा0 संगीता कुमार, डा0 पदमा सक्सेना, डा0 मघू महौर, डा0 सुषमा यादव उपस्थित थी। व्याख्यान. का निर्देशन एवं संचालन डा0 नीता वार्ष्णेय एवं प्रियंका दीक्षित ने किया।

दिनांक 24.05.2022 से 30.05.2022 तक सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया जिसमें पोस्टर, स्लोगन, क्विज, एवं वॉल राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी तत्पश्चात परिवहन विभाग अलीगढ़ के सहयोग से गोष्ठी का आयोजन किंया गया। गोष्ठी में SP Traffic मुकेश मित्तल एवं RTO फरउद्दीन जी ने विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया तथा सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी।

दिनांक 31.05.2022 को अमृत महोत्सव के अन्तर्गत तम्बाकू निरोध दिवस पर गोष्ठी आयोजित की गयी। मलखान सिंह जिला चिकित्साल अलीगढ़ से वी0के0 राजपूत एवं रागिनी सिंह ने तम्बाकू के सेवन के दुष्परिणाम पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका दीक्षित ने किया।

Scanned with OKEN Scanner

# विशेष शिविर

## 22.03.2022 से 28.03.2022

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर का आयोजन 22 मार्च 2022 से 28 मार्च 2022 तक एस0के0डी0 मार्डन स्कूल, क्वार्सी में आयोजित किया गया। विशेष शिविर में 100 छात्राओं ने सहभागिता दी 100 छात्राओं को 10 टोली में विभाजित किया गया तथा प्रत्येक टोली में एक टोली नेता तथा एक उपनेता था। इसके साथ प्रत्येक टोली को विभिन्न कार्यो को करने का उत्तर दायित्व प्रदान किया गया।

विशेष शिविर के प्रथम दिन के प्रथम सत्र में महाविद्यालय प्राचार्या प्रो0 शर्मिला शर्मा ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शिविर की औपचारिक शुरूआत की। मुख्य अतिथि डा0 कृष्णा अग्रवाल (विभागाध्यक्ष – समाजशास्त्र श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ) ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं उसके विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डा0 गीतिका सिह ने समाज सेवा में स्वयं सेवक की भूमिका को स्पष्ट किया। अतिथियों का स्वागत मनीषा ने स्वागत गीत से किया। स्वयं सेविका भावना एवं नीलम ने लक्ष्य गीत के माध्यम से सभी में उत्साह का संचार किया। तृतीय सत्र में स्वयं सेविकाओं ने स्वच्छता में श्रमदान किया। शिविर के आस–पास के क्षेत्र में स्वछता में सहयोग दिया।

शिविर के द्वितीय दिन अमृत महोत्सव के अन्तर्गत शहीद दिवस मनाया गया।। प्रथम सत्र में भारतीय शिक्षण मंडल के सहयोग से देशभक्ति गीत एवं कविता का आयोजन किया गया जिसमें मनीषा ने प्रथम आंकाक्षा ने द्वितीय, भावना, उर्वशी, नीलम ने तृतीय शिवानी सिंह एवं शीलत ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर शिक्षा मण्डल से डा0 राजीव पालीवाल डा0 अनिल वार्ष्णेय, डा0 अंजना उपस्थित थी। द्वितीय सत्र में डा0 पंकज वर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर (सैन्य विभाग– धर्म समाज महाविद्यालय ने सेना में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। डा0 पद्मा सक्सेना असिस्टेंट प्रोफेसर ने (जन्तु विज्ञान–श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ) ने स्वतंत्रता आन्दोलन में शहीदों के बलिदान पर प्रकाश डाला।

Scanned with OKEN Scanner

शिविर के तृतीय दिन के प्रथम सत्र में विश्व टी0बी0 दिवस के उपलक्ष्य मे जनजागरूकता लाने के लिए छात्राओं ने चंदनिया बस्ती में पोस्टर चस्पा किये तथा रैली निकाली। दूसरे सत्र में जिला टी0बी0 चिकित्सालय के सौजन्य से धर्म समाज महाविद्यालय आडिटोरियम में टी0बी0 बीमारी पर छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गयी।

शिविर के चतुर्थ दिन के प्रथम सत्र में भारतीय डाक विभाग के दीपक यादव एवं संजय खन्ना ने डाक विभाग द्वारा संचालित विभिन्न बचत योजनाओं के विषय में छात्राओं को ज्ञान दिया। साथ ही आधार की समस्याओं का भी समाधान किया। द्वितीय सत्र में सिक्सा से मनीष सुखीजा ने किशोरावस्था में होने वाली समस्याओं पर छात्राओं से चर्चा की तथा सन्तुलित आहार के विषय में जानकारी दी।

शिविर के पांचवे दिन के प्रथम सत्र में डा0 जितेन्द्र शर्मा (असिस्टेंट प्रोफेसर – भूगोल धर्म समाज महाविद्यालय अलीगढ़, ने आपदा प्रबंधन के विषय में छात्राओं को जानकारी दी। साथ ही आपदा में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात आहूती संस्था से रवि राठी एवं ने जीवन में हरियाली एवं पेड़ पौधो के महत्व को स्पष्ट किया। साथ ही हर्बल पौधों के विषय में छात्राओं को जानकारी दी। द्वितीय सत्र में मिशन शक्ति के अन्तर्गत छात्राओं के मध्य महिला सशक्तिकरण विषय पर स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता की गयी। प्रतियोगिता का निर्णय डा0 सपना सिंह (विभागध्यक्ष–समाजशास्त्र श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय अलीगढ़) ने किया। प्रतियोगिता में विजित छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

शिविर के षष्ठम दिन के प्रथम सत्र का प्रारम्भ योगासन से हुआ। पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में के सहयोग से छात्राओं को विभिन्न योगासनों का प्रशिक्षण दिया गया। तत्पश्चात साइबर क्राइम ब्रांच से इंस्पेक्टर राकेश कुमार साइबर अपराध के बारें में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। द्वितीय सत्र में डा0 अतुल अरोड़ा (असिस्टेंट प्रोफेसर–विधि–श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय अलीगढ़) ने महिलाओं से जुड़े, कानून एवं उनके क्रियान्वयन के विषय में छात्राओं को जानकारी दी। डा0 हरेन्द्र गौड़, असिस्टेंट प्रोफेसर जन्तु विज्ञान ने समाज सेवा के विभिन्न पहलुओ पर प्रकाश डाला।

Scanned with OKEN Scanner

शिविर के अन्तिम एवं सातवें दिन के प्रथम सत्र में जीवनगढ़ स्वास्थ्य केन्द्र के सहयोग से श्रीनगर बस्ती के आसपास के लोगों का कोरोना का टीकाकरण किया एवं महिलाओं के हीमोग्लोबिन टेस्ट करके एनीमिया की जांच की गयी। इसके पश्चात स्वयं सेविकाओं ने जरूतरमंद लोगो के लिए बापू बाजार लगाया जिसमें जरूरतमंद लोगों में जरूरत की चीजों का वितरण किया गया। दूसरे सत्र में शिविर में समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गयी। समारोह की अध्यक्षता डा0ए0के0 तोमर (रिटार्यड – प्राचार्य – धर्म समाज महाविद्यालय, अलीगढ़) न की। समापन समारोह में प्राचार्या प्रो0 शर्मिला शर्मा ने स्वयं सेविकाओं के कार्यो को सराहा तथा प्रोत्साहित किया। इस प्रकार कार्यक्रम अधिकारी डा0 नीता वार्ष्णेय एवं प्रियंका दीक्षित के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया।

Shri Tika Ram

Aligarh

Scanned with OKEN Scanner